खास-खबरें

एडीआर भवन में विधिक सह जागरूकता शिविर आयोजित

सतना। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष रत्नेश चन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में सोमवार को एडीआर भवन में महात्मा गांधी कॉलेज ऑफ लॉ के विधि छात्र-छात्राओं के साथ विधिक साक्षरता सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पार्थ शंकर मिश्र द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक गंभीर बीमारी है, नशे से आप स्वयं के शारीरिक, आर्थिक एवं पारिवारिक कलह का भार तो उठाते ही है। साथ ही समाज व देश को कमजोर करने का नैतिक अपराध करते है। उन्होंने सहज एवं सरल भाषा में विभिन्न उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नशे को एक गंभीर सामाजिक बीमारी बताया और इससे दूर रहने की प्रेरणा दी।

समय-सीमा बैठक संपन्न

सिवनी। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सोमवार 28 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे। इसी तरह विभिन्न विभागों के खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे।

अनुकंपा नियुक्ति तथा न्यायालयीन प्रकरणों की कलेक्टर ने की समीक्षा

शहडोल। समय-सीमा की साप्ताहित समीक्षा बैठक में कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय पर जवाबदावा प्रस्तुत करें। आपने अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि रोस्टर के अनुसार प्रकरणों की समीक्षा कर अनुकंपा नियुक्ति की नस्ती प्रस्तुत करें। जिससे अनुकंपा नियुक्ति की कार्यवाही सम्पादित की जा सके। समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्री अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते, भागीरथी लहरे सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

पेयजल संबंधी समस्याओं के निराकरण में ना बरतें लापरवाही : कलेक्टर

बुरहानपुर। जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में नगर निगम और महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि, यह सुनिश्चित करें कि सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में पेयजल की उपलब्धा रहें। इसके अलावा ग्रामीण निकायों में पीएचई विभाग के अधिकारी एवं जनपद के अधिकारी समन्वयता के साथ कार्य करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने दिये। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि, अधिकारी लगातार क्षेत्रों का भ्रमण करें, जहां भी समस्याएं आ रही है उनका तत्काल निराकरण किया जायें। इस कार्य में लापरवाही न बरते, निराकरण में देरी होने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जनपद पंचायत सीईओ अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत लगातार कार्यों की मॉनीटरिंग करें। बैठक में कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश भी दिये गये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री लता शरणागत, पीएचई कार्यपालन यंत्री श्री बुंदेला सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

पुण्यतिथि एवं श्रद्धांजलि सभा सम्पन्न

रीवा। सरदार वल्लभ भाई पटेल संस्थान निराला नगर में स्वर्गीय प्रो. मंगलेश्वर प्रसाद पटेल जी कि प्रथम पुण्यतिथि तथा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, आप 2012 से 2021 तक सरदार पटेल संस्थान के अध्यक्ष के रूप में आपने सेवा दी तथा आपके समय में संस्थान ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ जहां संस्थान में नए 15 कमरों का निर्माण हुआ वहीं एक आधुनिक किचन का निर्माण भी आपका समय में ही हुआ, आप हमेशा से ही सामाजिक कार्यों में संलग्न रहे आपने मरणोपरांत अपना देहदान शासकीय चिकित्सालय में डॉक्टरों को रिसर्च हेतु कर दिया आज आप जैसे महान व्यक्तित्व को स्मरण तथा श्रद्धा सुमन अर्पित करने लिए संस्थान में समाज उमड़ पड़ा, आपके स्मृति के रूप में आज आपकी पुत्री श्रीमती ललिता पटेल जी ने सरदार पटेल संस्थान में आपके नाम पर एक नए कमरे का निर्माण का प्रस्ताव वर्तमान अध्यक्ष इंजीनियर पुष्पेंद्र सिंह जी के समक्ष रखा इस अवसर पर प्रोफेसर राजमणि पटेल, वीरभद्र सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी इंद्रमणि सिंह, पूर्व मंडी अध्यक्ष राम सिंह, एडवोकेट मनोज सिंह, मीडिया प्रभारी एड. अभिषेक सिंह ,हीरालाल पटेल जी, बैजू पटेल, राजू सिंह, बबलू सिंह, एडवोकेट हरिशंकर पटेल, शेषमणि पटेल, आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

जल संकट से ग्रसित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों को चिन्हित कर तत्काल जल आपूर्ति कराएं

समग्र ई केवायसी के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करायें:कलेक्टर

सिंगरौली

समग्र ई केवायसी का कार्य ग्रामीण क्षेत्रो में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय क्षेत्र में नगर निगम आयुक्त प्रथामिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा के अंदर कराया जाना सुनिश्चित करे।

साथ ही ऐसे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के गाव मझरे टोले जहा पर पेयजल की समस्या हो रही है उन्हें चिन्हित कर तत्काल पेयजल की उपलंब्धता सुनिश्चित कराई जायें उक्त आशय के निर्देश कलेक्टर श्री चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा संबंधित अधिकारियो को दिया गया। कलेक्टर ने समंग्र ई केवायसी कार्य की विस्तार से समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रो में सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय क्षेत्र में आयुक्त नगर निगम प्रति दिन का लक्ष्य निर्धारित समय सीमा में सभी परिवारो को समंग्र ई केवायसी किया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने कहा कि इस कार्य की लगातार मानीटिरिंग भी की जाये। कलेक्टर ने पेयजल उपलंब्धता की समीक्षा करते हुयें संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में कही भी पेयजल की समस्या नही होनी चाहिए। उन्होने निर्देश दिए कि बिगड़े हैन्डपंम्पो को चिन्हित कर तत्काल उनका सुधार कार्य कराये जिन हैन्डपम्पों में पानी नही आ रहा उनमें राईजिंग पाईप डालकर या सिंगल फेज मोटर के माध्यम से सुचारू रूप से पेयजल उपलंब्ध कराने की कार्यवाही करे। साथ यह भी सुनिश्चित करे कि किसी भी शासकीय हैन्डपम्प पर अतिक्रमण न किया जाये ऐसा करने वालो को चिन्हित कर कार्यवाही करे। साथ ही निर्देश दिए गए कि जहा पर पेयजल उपलंब्ध कराने के लिए कोई साधन उपलंब्ध नही ऐसे मझरे टोलो को चिन्हित कर टैंकर के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जायें। कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतो की समीक्षा करते हुयें अधिकारियों कर्मचारियों का उत्साह वर्धन करते हुयें कहा कि मार्च माह की जारी रैकिंग में जिलें का प्रदर्शन अच्छा रहा है जिसे और भी बेहतर किया जा सकता है। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्प लाईन में दर्ज 50 दिवस,100 दिवस तथा 300 सौ दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों के शिकायतकर्ताओं से समन्वय बना कर निराकरण करे। साथ यह भी सुनिश्चित करे कि कोई भी शिकायत अन अटैंड न रहने पायें। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सामान्य प्रशासन से संबंधित प्रकरण जैसे जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण, आय प्रमाण पत्र से संबंधित प्रकरणो का अभियान चलाकर निराकरण किया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने सीएम डैस बोर्ड की विस्तार से समीक्षा करने के पश्चात विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम डैस बोर्ड में विंदुओ पर सभी विभागों को तत्परता के साथ कार्य करना होगा। ताकि जिले की रैकिंग में सुधार लाया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि अब सभी योजनाओं की समीक्षा सीएम डैस बोर्ड के माध्यम से ही की जायेंगी।

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

उमरिया। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करनें के कलेक्टर ने दिए निर्देश फोटो उमरिया 28 अप्रैल । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई।

बैठक में कलेक्टर व्दारा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा गया कि सीएम हेल्प लाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । उन्होंने कहा कि विगत माह में जिन विभागों की उपलब्धि संतोषजनक नही रही है वे विभाग शिकायतों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं । समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी् कलेक्टर मीनांक्षी इंगले ,करकेली जनपद पंचायत सीईओ हरनीत कौर कलसी सहित जिले के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

नशा मुक्ति सप्ताह अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

सीधी। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी मुकेश कुमार शिवहरे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कपिल देव काछी, जिला विधिक सहायता अधिकारी सीधी मनीष कौशिक द्वारा सोमवार 28 अप्रैल को जिला चिकित्सालय सीधी में नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाए योजना 2015 अंतर्गत विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार शिवहरे ने नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाए योजना 2015, नालसा एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 की जानकारी दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री कपिल देव काछी ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा हेल्पलाईन नंबर 15100 के बारे में विस्तार से बताया। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक ने उपस्थित आमजन को बताया कि बच्चों और युवाओं पर नशे का गलत असर पड़ता है।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

नरसिहंपुर।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने टीएल प्रकरणों, स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन, विद्युत वितरण विभाग, जल गंगा संवर्धन अभियान आदि की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, समस्त एसडीएम, विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व विभाग, जनपद पंचायत, एमपीईबी और पीएचई के टीएल प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन की समीक्षा की बैठक आयोजित करने और इसमें अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने निर्देश दिये।

कलेक्टर ने निर्देश दिये कि सभी एसडीएम कार्यपालन यंत्री विद्युत से सतत सम्पर्क में रहें। ट्रांसफार्मर को समय पर बदलने पर ध्यान दें। साथ ही विद्युत पोलों से तार टूटने पर कोई जनहानी नहीं हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जावे। सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में पीने के पानी की समस्या की समीक्षा करें। कलेक्टर ने जिले में नरवाई/ पराली जलाने पर कितने व्यक्तियों पर एफआईआर और जुर्माने की कार्रवाई की जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि कलेक्ट्रेट एवं स्कूलों में गुटखा, तम्बाकू व धूम्रपान का सेवन करने पर संबंधित के विरूद्ध चालानी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जिले की सभी शासकीय कार्यालयों में तम्बाकू, गुटखा एवं धूम्रपान निषेध रहेगा, यदि किसी व्यक्ति द्वारा इसका उल्लघन करते पाये जाने की स्थिति संबंधित विभाग प्रमुख पर जुर्माने की कार्रवाई की जायेगी।

जिले में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की जायेगी। आगामी मानसून की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए आपदा प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मानसून की तैयारी कर लें।

ममता सिंह को बाल संरक्षण क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर का सम्मान

रीवा। विंध्य क्षेत्र की वरिष्ठ समाज सेवी महिला एवं कलम परिवार की कार्यकारी अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह को भोपाल में आयोजित चाइल्ड कंजरवेशन फाउंण्डशेन (सी.सी.एफ) द्वारा 25वीं राष्ट्रीय सेमीनार में निराश्रित बच्चो के कल्याण एवं बाल संरक्षण क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा कार्यो के लिये महिला एवं बाल कल्याण विकास मंत्री म.प्र. शासन श्रीमती निर्मला भूरिया स्वास्थ्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, म.प्र. बाल आयोग अध्यक्ष श्री मोरेजी, अध्यक्ष राघवेन्द्र शर्मा, सचिव कृपाशंकर चौबे की गरिमामय उपस्थिति में राष्ट्रीय स्तर का सम्मान प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य है यह संस्था गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड, लिम्का बुक एवं एशिया बुक रिकार्ड में नामांकित होकर समूचे विश्व में जानी जाती है। सम्मानित होने वाली ममता जी लंबे समय से विभिन्न सामाजिक संगठनो के साथ हिन्दू धर्म परिषद की महिला शाखा के अध्यक्ष पद का जिम्मेदारी से वहन कर विंध्य क्षेत्र में कार्य कर रही है। इस अवसर पर उन्होने यह सम्मान आमजनों एवं अपने सभी सहयोगियों एवं संगठनो को समर्पित करते हुये कहा यह सम्मान मेरे लिये गौरव का विषय नहीं बल्कि नयी जिम्मेदारी है जो भविष्य में बाल संरक्षण क्षेत्र में नयी दिशा देने के साथ ऊर्जा देकर आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

औषधीय पौधों की खेती, संग्रहण, भंडारण, प्राथमिक संस्करण तथा विपणन पर प्रशिक्षण आयोजित

बुरहानपुर

मध्यप्रदेश राज्य औषधीय पादप बोर्ड भोपाल के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. कविता गढ़वाल के मार्गदर्शन में गुरूवार को जिला आयुष कार्यालय में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित रहा।

जिसमें एक जिला-एक औषधि उत्पाद के तहत हल्दी के प्रचार-प्रसार, विभिन्न विभागों की योजना, औषधीय पौधों की खेती, संग्रहण, भंडारण, प्राथमिक संस्करण तथा विपणन आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बाजार अनुसार खेती करने की भी सलाह दी गई, जिससे कम उत्पादन में अच्छा मुनाफा लिया जा सके। डॉ. विजय यावतकर ने हल्दी के गुणों के बारे में बताते हुए कहा कि, औषधियां जैसे- हरिद्रा खंड, पुग खंड तथा रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली औषधियों में भी हल्दी का उपयोग होता है। औषधियों में हल्दी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक मेघा विभूते एवं मोनिका जायसवाल, उद्यानिकी विभाग विकासखंड अधिकारी गजानंद पाण्डेय, आयुष विभाग से डॉ. शांतिलाल भीलावेकर, बसंत गावस्कर, मयूर अतरदे, एफपीओ खामनी से डायरेक्टर प्रमोद पाटील, विजय रावत, उन्नतशील किसान रघुनाथ चौधरी, संजय यावतकर, वसंता पाटील उपस्थित रहे।

एक जिला- एक औषधि उत्पाद अंतर्गत आंवला की खेती से संबंधित प्रशिक्षण प्रारंभ

उमरिया। कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया में आयुष विभाग द्वारा देवारण्य योजनांतर्गत एक जिला एक औषधि उत्पाद के अंतर्गत आंवला की खेती से संबंधित दो दिवसीय प्रषिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया में प्रारंभ हो गया है । प्रथम दिन मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया गया । यह प्रषिक्षण 29 अप्रैल तक चलेगा । प्रशिक्षण में प्रथम दिन कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं कार्यालय प्रमुख डॉ के पी तिवारी व डॉ.धनंजय सिंह वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया द्वारा औषधि पौधे आंवले की खेती के बारे में प्रशिक्षण दिया गया । जिला आयुष अधिकारी उमरिया डॉ, रितु द्विवेदी द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश राज्य औषधि पादप बोर्ड मंत्रालय भोपाल द्वारा स्वीकृत परियोजना अंतर्गत देवारण्य योजनान्तर्गत औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए उमरिया जिला अंतर्गत एक जिला एक औषधि पौध के रूप में आंवले को प्रस्तावित किया गया है ।

समय-सीमा बैठक सम्पन्न

शिकायतों के निराकरण में ए-ग्रेड के लिए प्रयास करें : कलेक्टर

सीधी

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा कि अप्रैल-25 की शिकायतों के निराकरण में सभी विभाग ए-ग्रेड के लिए प्रयास करेंगे। शिकायतकर्ता से संपर्क कर उनकी वैध समस्याओं का तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित समीक्षा करें तथा प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर शिकायतों को निराकृत करायें। कोई भी शिकायत नॉन अटेण्डेड नहीं रहे। कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से प्रमुख पैरामीटरर्स पर जिलों की रैंकिंग जारी की जा रही है। सभी विभाग शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख पैरामीटर्स का अध्ययन कर लें तथा अपने विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों का संवेदीकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने ई-आफिस कार्यप्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि उनके पास फाइलें ई-आफिस के माध्यम से ही प्रस्तुत की जाएं। कलेक्टर ने रीवा-सीधी नवीन रेललाइन से जुड़े भू-अर्जन के कार्यों को प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिए हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश : मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने सभी विभागों को जल गंगा संवर्धन अभियान की कार्य योजना अनुसार समस्त कार्यवाहियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने जिले की सभी जल संरचनाओं तालाब, चेक डैम, खेत तालाब आदि को अभियान चलाकर खसरे में दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। जल संरक्षण एवंज ल संवर्धन की दिशा में किए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।

स्पेशल खबर निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण जन प्रतिनिधियों के द्वारा ही कराया जाए

विभागीय अधिकारी उल्लेखनीय कार्य कर अनूपपुर जिले को आदर्श जिला बनाएं : दिलीप अहिरवार

अनुपपुर

मध्य प्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप अहिरवार ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विभागों में बेहतर एवं उल्लेखनीय कार्य कर जिले को आदर्श जिला बनाने का प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारियो को अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंच सके। प्रभारी मंत्री श्री अहिरवार ने कहा कि शासन द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण अनिवार्य रूप से जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराया जाए। इससे न केवल जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित होगी बल्कि कार्यों में पारदर्शिता भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का क्रियान्वयन गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूर्ण हो, इसके लिए अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि सतत निगरानी रखें। प्रभारी मंत्री श्री दिलीप अहिरवार आज कलेक्टर कार्यालय के नर्मदा सभागार में विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माणाधीन हर्री अंडर ब्रिज से तीपान नदी मार्ग, अनूपपुर बाईपास निर्माण कार्य तथा बेलिया से जैतहरी मार्ग सहित अन्य विभिन्न मार्गो की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान लोक निर्माण विभाग (भवन) पीआईयू द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। जिस पर अधिकारियों द्वारा बताया गया कि 7 विभागों के 31 कार्य प्रगतिरत हैं तथा उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा तथा जो ठेकेदार निर्माण कार्यों मे लापरवाही एवं उदासीनता बरतता है, उसके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए।

प्रभारी मंत्री ने वन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जंगलों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी और ठोस कार्य योजना बनाई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्थानीय ग्रामीणों को जागरूक करने जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। प्रभारी मंत्री ने हाथियों के विचरण के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। जिस पर वन मंडलाधिकारी ने जानकारी दी कि राजस्व, पुलिस एवं वन विभाग के संयुक्त टीम द्वारा हाथियों पर निगरानी की जा रही है तथा लोगों के बचाव हेतु आवश्यक उपाय भी किया जा रहे हैं। प्रभारी मंत्री ने वर्षा ऋतु में पौधारोपण के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। जिस पर वन मंडलाधिकारी ने बताया कि कैंपा योजना अंतर्गत जिले में लगभग एक लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। इस दौरान प्रभारी मंत्री पौधों के बचाव के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मंत्री ने नगर पालिका नगरीय क्षेत्रों में कराई जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा नगर पालिका अधिकारी अनूपपुर को अनूपपुर को आकर्षित स्वरूप में सजाने तथा भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराने के निर्देश दिए।